हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार, 29 मार्च 2024

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान

अधिकतम 40.0 डिग्री

न्यूनतम 24. 0 डिग्री

4 विकासखण्ड स्तरीय मैराथन दौड़, पुरूष वर्ग में निहाल व महिला वर्ग में भगवती प्रथम



## खबर संक्षेप

### आपसी रंजिश को लेकर राड से प्राणघातक हमला, दो गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** पुरानी रंजिश को लेकर राड व डंडे से मारपीट करने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। मामला सिटी कोतवाली थाना अंतर्गत ग्राम कुलीपोटा का है। इस संबंध में जांजगीर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 26 मार्च को प्रार्थी किशन यादव निवासी कुलीपोटा ने थाना जांजगीर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 26 मार्च को ही शाम 5:30 बजे अपने घर में तभी चिरंजीव यादव और संदीप यादव प्रार्थी के घर अन्दर घुसकर खिलाफ रिपोर्ट करने को लेकर जान से मारने की धमकी देते हुए रॉड, डंडा से मारपीट करने लगे। प्रार्थी बीच बचाव करने के लिए आया तो हत्या करने की नीयत से उसके साथ भी रॉड, डंडा से प्राणघातक हमला कर चोट पहुंचाया है। रिपोर्ट पर आरोपी के विरुद्ध धारा 307, 452, 506, 323, 34 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया।

### निर्वाचन संबंधी शिकायतों के लिए बना जिला स्तरीय कंट्रोल रूम

**सक्ती।** लोकसभा निर्वाचन के तहत जिला कलेक्टर कार्यालय सक्ती के कक्ष क्रमांक 15 में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। जिला स्तरीय कंट्रोल रूम 24 घंटे संचालित होगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अमृत विकास तोपनो द्वारा लोकसभा निर्वाचन के मद्देनजर जिला कार्यालय में स्थापित कंट्रोल रूम के 24 घंटे संचालन के लिए अधिकारी, कर्मचारियों की तैनाती की गई है। उक्त कंट्रोल रूम में स्थापित दूरभाष का क्रमांक 8103469317 है।

### जांजगीर चांपा जिले में 811 पोलिंग बूथों पर होगी तैनाती

# लोकसभा चुनाव, 48 सौ से अधिक अधिकारी-कर्मचारियों की लगी ड्यूटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

लोकसभा चुनाव को लेकर जहां राजनीतिक दल अपने अपने प्रचार प्रसार में जुट गए है, तो वहीं दूसरी ओर प्रशासनिक अमला तैयारी में लगा हुआ है। जिले के 811 केन्द्रों में 48 सौ से अधिक अधिकारी कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है, जो मतदान की प्रक्रिया सम्पन्न कराएंगे। इसको लेकर प्रशिक्षण का दौर भी शुरू हो गया है।

गौरतलब है कि 7 मई को लोकसभा चुनाव के लिए मतदान होना है। इसको लेकर जिला निर्वाचन आयोग के अधिकारी कर्मचारी तैयारी में जुट गए है। विभाजन के बाद जांजगीर चांपा जिले में मतदान केन्द्रों की संख्या लगभग आधी हो गई है। जांजगीर चांपा जिले में 3 विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कुल 811 मतदान केन्द्र बनाए गए है। जहां प्रति केन्द्र 5 लोग तैनात रहेंगे। निर्वाचन आयोग द्वारा तय कार्यक्रम के मुताबिक जिले में बनाए गए 811 मतदान केन्द्रों के अलावा सेक्टर व जोनल अफसरों के साथ कुल 4 हजार 855 अधिकारी कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। बताया जाता है कि इनमें से एक चौथाई कर्मचारी रिजर्व में रहेंगे। जबकि बाकी लोगों की ड्यूटी निर्वाचन कार्य में होगी। विभागीय अधिकारियों के मुताबिक विधानसभा चुनाव के दौरान जितने अधिकारी कर्मचारियों की ड्यूटी लगी थी, लोकसभा चुनाव मे उस हिसाब से 481 कर्मचारी कम हो रहे है। इन कर्मचारियों को प्रशिक्षण देने का काम चरणबद्ध तरीके से प्रारंभ हो गया है। बताया जाता है कि निर्वाचन कार्य में जिन अधिकारी कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जा रही है, उन्हें आदेश जारी किया जा चुका है। इसके साथ ही विशेष परिस्थितियों में जो निर्वाचन कार्य करने में असमर्थ होंगे, तब रिजर्व दल के अधिकारी कर्मचारियों को काम पर लिया जाएगा। कुल मिलाकर लोकतंत्र के महापर्व लोकसभा चुनाव को लेकर तैयारी युद्ध स्तर पर चल रही है।



### जांजगीर लोकसभा क्षेत्र में 20 लाख से अधिक मतदाता

जांजगीर लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत 8 विधानसभा क्षेत्र आते है। इनमें जांजगीर चांपा जिले के तीन विधानसभा क्षेत्र, सक्ती जिले के 3 तीन विधानसभा क्षेत्र एवं बलौदा बाजार जिले के 2 विधानसभा क्षेत्र शामिल है। जहां 20 लाख से अधिक मतदाता है। इनमें 10 लाख 30 हजार पुरुष मतदाता तो वही 10 लाख 21 हजार महिला मतदाता शामिल है, जो अपने मताधिकार का प्रयोग मतदान के दिन करेंगे। सबसे अधिक मतदाता बलोदा बाजार जिले अंतर्गत आने वाले कसडोल विधानसभा क्षेत्र में है यहां तीन लाख 68 हजार मतदाता है। इसी प्रकार सबसे कम मतदाता शक्ति जिले के सक्ती विधानसभा क्षेत्र में है यहां टोटल 1 लाख 9 हजार मतदाता शामिल है।

### लगाई गई है ड्यूटी

लोकसभा चुनाव को लेकर 4 हजार 855 अधिकारी कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। इनमें 8 सौ कर्मचारियों को रिजर्व में रखा गया है। 811 पोलिंग बूथ में मतदाना होना है। इसके लिए तैयारी युद्ध स्तर पर चल रही है।

-अभिमन्यू साहू,
नोडल अफसर

### 12 वैकल्पिक दस्तावेजों के आधार पर कर सकते हैं मतदान

जांजगीर चांपा लोकसभा चुनाव को लेकर मतदाता 12 वैकल्पिक दस्तावेजों के आधार पर मतदान कर सकते हैं। निर्वाचन आयोग के द्वारा इस प्रकार की व्यवस्था बनाई गई है, ताकि चुनाव के दौरान मतदाताओं को कोई परेशानी ना पड़े। जांजगीर लोकसभा क्षेत्र में करीब 20 लाख से अधिक मतदाता है जो आने वाले दिनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। केंद्रीय निर्वाचन आयोग के द्वारा बनाई गई व्यवस्था के मुताबिक 12 वैकल्पिक दस्तावेजों के आधार पर मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकते हैं। इनमें आधार कार्ड, वोटर आईडी, दिव्यांग प्रमाण पत्र, भारतीय स्टेट बैंक द्वारा जारी पासबुक, केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा जारी विशेष प्रमाण पत्र, विधायक एवं सांसद के द्वारा जारी किए गए प्रमाण पत्र सहित अन्य तरह के दस्तावेजों के आधार पर मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकते हैं। लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत आठ विधानसभा क्षेत्र आते हैं। इनमें जांजगीर जिले के तीन विधानसभा क्षेत्र जांजगीर पामगढ़ एवं अकलतरा, सक्ती जिले के सक्ती, चंद्रपुर, एवं जैजैपुर इसी प्रकार बलौदा बाजार जिले के बिलाईगढ़ एवं कसडोल विधानसभा क्षेत्र जांजगीर लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आते हैं।

# लोकतंत्र के उत्सव में शामिल होकर करें अपने मताधिकार का प्रयोग

### डॉ भीमराव अंबेडकर भवन में थर्ड जेंडर सम्मेलन का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

लोकतंत्र के उत्सव में अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए जनसामान्य में जागरूकता लाने के लिए स्वीप अंतर्गत जिले में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आकाश छिकारा के निर्देशन में गुरूवार 28 मार्च को मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप अंतर्गत जिले के मतदाताओं को जागरूक करने का कार्य निरंतर किया जा रहा है। इसके लिए गठित स्वीप टीम विभिन्न स्थानों पर जाकर मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित कर रहे हैं। इसी तारतम्य में डॉ भीमराव अंबेडकर भवन चांपा में थर्ड जेंडर सम्मेलन का आयोजन किया गया। उन्होंने जिले में शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित करने कहा है। साथ ही सभी को शत-प्रतिशत मतदान के लिए अपने परिवार के लोगों, रिश्तेदारों, मित्रों, परिचितों को भी मतदान करने प्रेरित करने का आह्वान किया गया। इस दौरान उप संचालक समाज कल्याण विभाग टी पी भावे, एसडीएम चांपा नीरनिधि नंदेहा सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी, तृतीय लिंग के सदस्य एवं नागरिक जन उपस्थित थे।



थर्ड जेंडर सम्मेलन में शामिल कलेक्टर व अन्य अफसर।

### मतदाताओं को जागरूक करने 30 को साइकिल रैली

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आकाश छिकारा के निर्देशन में आगामी लोकसभा निर्वाचन के तहत सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचन सहभागिता (स्वीप) कार्यक्रम के अंतर्गत शनिवार को साइकिल रैली का आयोजन प्रातः 7.30 बजे से ध्यानचंद हॉकी मैदान केरा रोड से शुरू होकर हाई स्कूल ग्राउंड जांजगीर में समापन होगा। रैली के माध्यम से मतदाताओं में मतदान के प्रति जागरूकता लाने, निर्वाचन प्रक्रिया में सहभागिता सुनिश्चित करने तथा स्वीप कार्ययोजना के तहत मतदाता जागरूकता का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

### दिव्यांगजन और तृतीय लिंग सम्मलेन कार्यक्रम का आयोजन



**सक्ती।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अमृत विकास तोपनो के निर्देशानुसार गुरूवार को समाज कल्याण विभाग सक्ती द्वारा जिला स्तरीय स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के उभयलिंग, दिव्यांग जन तथा वरिष्ठ नागरिकों को मतदान हेतु शपथ कार्यक्रम का आयोजन समाज कल्याण कार्यालय जेठा में किया गया। जिसमें तृतीय लिंग सम्मेलन में अपने संवर्ग का शत प्रतिशत निष्पक्ष मतदान हेतु जागरूक करने की शपथ ली गई। श्रव्य बाधित दिव्यांगजनों द्वारा आदर्श मतदान हेतु चित्रों के माध्यम से जागरूकता का संदेश प्रस्तुत किया गया तथा दृष्टिबाधित दिव्यांगजनों द्वारा शतप्रतिशत मतदान करने तथा अपने मताधिकार के निष्पक्ष प्रयोग हेतु प्रेणात्मक उदबोधन दिया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी समाज कल्याण विभाग श्री सुनील मिश्रा, परिवेक्षक अधिकारी सुरेश कुमार भारती सहित समस्त संबंधित अधिकारी कर्मचारी, समस्त उभयलिंग एवं वरिष्ठजन व दिव्यांगजन उपस्थित रहे।

SHREE HARI PROPERTIES

चाम्पा, बिलासपुर और रायपुर

प्राइम लोकेशन में बुक करें प्रॉपर्टीज

प्लाट | हाउस | बंगलो | फ्लैट | कमर्शियल | फार्महाउस

SALE
रेजिडेंशियल प्रॉपर्टी
कृष्णापुरम, बिलासपुर
प्लॉट & मकान उपलब्ध
NH. 130, बिल्हा मोड हिर्री थाना के पास, बिलासपुर

SALE
फार्महाउस प्रॉपर्टी
गोल्ड फार्महाउस, बिलासपुर
प्लॉट उपलब्ध
जरौंधा, कानन पेंडारी-तखतपुर रोड, बिलासपुर

SALE
कमर्शियल प्रॉपर्टी
अंबे कमर्शियल प्लाजा, बिलासपुर
दुकान & ऑफिस उपलब्ध
सीएमडी चौक, अपोलो सिटी सेंटर के बगल, बिलासपुर

SALE
कमर्शियल प्रॉपर्टी
बिलासपुर टेक्सटाइल मार्केट
कमर्शियल प्लॉट उपलब्ध
NH. 130, परसदा, बिलासपुर-रायपुर रोड, बिलासपुर

SALE
PREMIUM
रेजिडेंशियल प्रॉपर्टी
बालाजी रेजिडेंसी, बिलासपुर
3 BHK Bungalows
शारदा विहार, प्रथम हॉस्पिटल के पास, सीपत रोड, बिलासपुर

SALE
PREMIUM
रेजिडेंशियल प्रॉपर्टी
श्री राम एनक्लेव
प्रीमियम प्लॉट उपलब्ध
LCIT कॉलेज के पास, बिलासपुर-रायपुर रोड, बिलासपुर



Piyush Jaiswal
(Director)
75099-64992

SHREE HARI PROPERTIES
CHAMPA
1st Floor Ganpati Tower, Barpali Chowk, Champa

## खबर संक्षेप

### अप्रैल और मई माह का एक साथ मिलेगा राशन

**कोरबा।** सार्वजनिक वितरण प्रणाली अंतर्गत राशन कार्डधारियों को अप्रैल एवं मई माह का एकमुश्त राशन अप्रैल माह में प्रदान किया जाएगा। खाद्य शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 के कस्टम मिलिंग के पश्चात चांवल उपार्जन के लिए गोदामों में पर्याप्त स्थान की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए राज्य शासन द्वारा निर्णय लिया गया है कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली एवं सार्वभौम पीडीएस अंतर्गत सभी प्रचलित राशन कार्ड धारियों को माह अप्रैल एवं मई हेतु पात्रता अनुसार चांवल का वितरण अप्रैल महीने में ही किया जाएगा। कलेक्टर द्वारा एकमुश्त खाद्यान्न वितरण समय पर किए जाने हेतु ग्राम पंचायत एवं नगरीय क्षेत्रों के उचित मूल्य दुकानों में आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। चांवल को छोड़कर शेष राशन सामग्री नमक, शक्कर, केरोसिन एवं चना का वितरण माहवार पात्रता अनुसार ही किया जाएगा। जिले के प्रत्येक उचित मूल्य दुकान हेतु चांवल उत्सव की तिथि का निर्धारण कर उत्सव के दिन राशन कार्डधारियों को दो माह का चांवल वितरण करने निर्देशित किया गया है।

### कृषि सखियों को प्राकृतिक खेती का दिया गया प्रशिक्षण

**कोरबा।** जिले में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत कोरबा, पाली व पोडीउपरोडा में कार्यरत कृषि सखियों को प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण में 180 कृषि सखी को 6 बैच में प्रशिक्षण प्रदाय किया गया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य समूह में जुडे.महिला किसानों तक प्राकृतिक कृषि गतिविधि को विस्तारित किया जाना है। उक्त प्रशिक्षण मैनेज (हैदराबाद) व छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा मास्टर ट्रेनर द्वारा दिये गये। उक्त ट्रेनरों के माध्यम से प्रशिक्षण को संपन्न कराया गया है जिसमें वरिष्ठ कृषि सीआरपी का भी सहयोग लिया गया। प्रशिक्षण में जैविक दवा, खाद, मृदा के प्रकार, जल प्रबंधन, कीट प्रबंधन का तकनीक के साथ क्षेत्र भ्रमण भी कराया गया जहां व्यावहारिक जानकारी प्रदाय की गयी। साथ ही वातावरण व स्वास्थ्य में रासायनिक खेती के दुष्प्रभाव को भी विशेष रूप से फोकस किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन एनआरएलएम जिला इकाई व विकासखण्ड इकाई द्वारा संपादित किया गया।

### रासेयो ने रैली निकाल कर किया मतदाता जागरूकता



**हरदीबाजार।** बोईदा के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं खेल एवं युवा कल्याण मंत्रालय दिल्ली व अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर के कार्यक्रम समन्वयक डॉ मनोज सिन्हा व जिला संगठक वाई के तिवारी के निर्देशन में तथा,प्राचार्य लखन लाल बंजारे के संरक्षण में व मनोज कुमार चौबे जिला अध्यक्ष छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन कोरबा होरीलाल पाटिले संकुल प्रमुख बोईदा,कार्यक्रम अधिकारी राजेंद्र कुमार नायक के मुख्य मार्गदर्शन मे तथा ज्योतिष कुमार तिवारी, सत्य प्रकाश खांडेकर, गनपत लाल ध्रुव,कृष्णा लाल कश्यप, अनिल कुमार यादव,उषा बर्मन, सविता मरावी, हरीश कुमार चौबे की उपस्थिति में व शासन प्रशासन के निर्देशन में बोईदा राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा शासन द्वारा आदेशित किया गया है। इस तारतम्य में इकाई द्वारा कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूक रैली निकाल कर व नारा स्लोगन के साथ मतदाता जागरूक किया गया विद्यालय परिसर से प्रारंभ करके बस स्टैंड व पूरे बस्ती में भ्रमण के साथ सड़क में आने जाने वाले लोगों से चर्चा के दौरान सत प्रतिशत मतदान हेतु विनम्र अपील किया गया। इस अवसर पर स्वयं सेवक वीरेंद्र कुमार यादव, लकेश्वर कुमार श्रीवास, आरती पटेल, प्रतीक्षा गेंदले, पुष्पा पटेल, नंदिनी ओग्रे, भूमिका पटेल, निर्मला ओग्रे, रजनी पटेल, महेश्वरी पटेल, रितु पटेल, अवधा, मुस्कान, आकाश, कृष्णा, राजकुमारी, जुगेश पटेल, महिमा, गितेश पटेल सहित अन्य उपस्थित रहे।

### भालू के हमले से ग्रामीण हुआ घायल, उपचार जारी

**कोरबा।** कटघोरा वन मंडल के पसान रेंज अंतर्गत लैंगा गांव में एक ग्रामीण भालू के हमले में घायल हो गया। उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम लैगी निवासी मानसिंह पिता समारू सिंह जंगल की ओर गया हुआ था। तभी उसका सामना खुखार भालू से हो गया। भालू ने देखते ही हमला कर दिया। जिससे वह घायल हो गया। मान सिंह द्वारा मदद की गुहार लगाए जाने पर ग्रामीण तत्काल घटना स्थल पर पंहुचे। बड़ी संख्या में लोगों को आता देख भालू भाग निकला। घटना की सूचना वन विभाग को दिए जाने पर सहायक रेंजर ईश्वर मानिकपुरी मौके पर पहुंचे और घायल मानसिंह को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पसान पहुंचाया। जहां ड्यूटी पर तैनात डॉ. उपचार के बाद उसे पेण्ड्रा अस्पताल रिफर कर दिया। पेण्ड्रा अस्पताल में भी घायल ग्रामीण के स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो वहां के डाक्टरों ने सिम्स बिलासपुर ले जाने की सलाह दी।

### जल संसाधन विभाग ने कराया था निर्माण, खुल गई पोल

# सिंचाई विभाग के नहर का तटबंध टूटा, मरम्मत कार्य की खुली पोल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जल संसाधन विभाग के द्वारा हसदेव दायीं तट नहर के मरम्मत का कार्य एक वर्ष पूर्व ही कराया गया था। कार्य की गुणवत्ता किस स्तर की थी इसकी पोल उस समय खुल गई, जब सीतामणी क्षेत्र से गुजरने वाली नहर का तटबंध मिट्टी धंसकने से टूट गया और लाखों लीटर पानी बेकार बह गया। इससे जाहिर है कि जल संसाधन विभाग के द्वारा नहर के मरम्मत हेतु कराए जाने वाले कार्य की गुणवत्ता पर उदासीनता बरती जा रही है, तटबंध टूटने की यह पहली घटना नहीं है।

**खास बात**

- बार बार टूटता है दायीं तट की नहर

सिंचाई विभाग के द्वारा अपने बारात से निकलने वाली दायीं और बायीं तट नहर के मरम्मत के लिए टेंडर के द्वारा कार्य कराया जाता है। उसके कार्यों में किस तरह की गुणवत्ता रहती है इसके नजारे कुदुरमाल नहर तटबंध से लेकर बिरतराई से गुजरने वाली नहर के तटबंध के टूटने से दिखाई पड़ा है। ग्रामीण अंचलों से गुजरने वाली हसदेव दायीं तट नहर से करतला ब्लॉक के मैदानी क्षेत्रों में सिंचाई के लिए पानी मिलता है और उस नहर के मरम्मत को लेकर कितनी गंभीरता बरती जाती है यह नहर के तटबध को बोरी से भरकर रखा जा रहा है। इसी से जाहिर होता है कि ठेके से होने वाले कार्य में कितनी गंभीरता बरती जा रही है। नहर के मरम्मत कार्य के सुवपरविजन के लिए विभाग के सब इंजीनियर से लेकर टाइम कीपर तक तैनात हैं, जिनके द्वारा नहर लाइनिंग के कार्य का सुपर विजन किया जाता है। नहर लाइनिंग के लिए बार-बार टेंडर निकाले जाने से लेकर उसके सुपरविजन तक गड़बड़ियों का खेल भी तटबंध के टूटने से सामने आता है। एक दिन पूर्व करतला क्षेत्र से गुजरने वाले दायीं तट नहर के तटबंध के बीच में एक बड़े होल से रात में ही पानी बहने लगा था। जिसकी जानकारी सुबह ग्रामीणों को नहर की ओर जाने के दौरान हुई। इसकी सूचना ग्राम के सरपंच के द्वारा सिंचाई विभाग के कर्मचारियों को दिए जाने पर जब तक उनके कर्मचारी मरम्मत के लिए घटना स्थल पहुंचते तब तक लगातार नहर का पानी बह रहा था। ग्रामीणों के मुबाबिक लाखों लीटर पानी खेत और उनके बाड़ी से होकर हसदेव नदी में जाकर मिल गया है। किसानों ने बताया कि ये पहली घटना नहीं है, इससे पहले भी सीतामढ़ी क्षेत्र में एक बड़ा हिस्सा का मध्य तटबंध टूट गया था। इसके बाद पानी आसपास के घरों में घुस गया था। इस घटना के बाद हाहाकार मच गया था। इसके बाद काफी लंबे समय तक मरम्मत कार्य चला। नहर का तटबंध टूटने की जानकारी मिलने पर जल संसाधन विभाग की इंजीनियर मौके पर पहुंची। उन्होंने बताया कि रात लगभग 10 बजे तटबंध के टूटने की जानकारी विभाग को मिली थी। आगे का काम शुरू किया जाएगा। जल संसाधन विभाग नहर के टूटे हिस्से को दुरुस्त करने में लगा हुआ है। नहर के कई हिस्से जर्जर हो चुके हैं, जिसका समय-समय पर मरम्मत नहीं होने से वर्तमान में स्थिति बेहाल है। कई जगहों पर बोरे से रेत भरकर बांधा गया है। वहीं कई जगह टूटने की स्थिति है। समय रहते ध्यान नहीं दिया गया तो कभी भी घटना घट सकती है।



तटबंध टूटने से खेत और बाड़ी में बहता पानी।

# योजनाओं का लाभ दिलाने के नाम पर ठगी, महिला जेल गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

केंद्र और राज्य सरकार आम लोगों के लिए कई महत्वकांक्षी योजनाएं चला रही है। इन योजनाओं का लाभ दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले भी सक्रिय हैं, जो सरकारी दफ्तरों में पदस्थ अफसर से जान पहचान का दावा भी करते हैं। ऐसे ही एक मामले में पुलिस ने एक महिला को गिरफ्तार की है। उसने दर्जनों लोगों से योजना का लाभ दिलाने के बहाने ठगी की घटना को अंजाम दिया है। मामले में वैधानिक कार्रवाई उपरांत महिला को जेल दाखिल कर दिया गया है।



आरोपी महिला।

**खास बात**

- ऊंची पहुंच का झांसा देकर महिलाओं को दिखाती थी सब्जबाग

मामला मानिकपुर पुलिस चौकी क्षेत्र की है जहां मुड़ापार बस्ती में सविता श्रीवास नामक महिला निवास करती है। उसके पास बुधवारी बस्ती इलाके में रहने वाली साजदा बेगम नामक महिला पहुंची। साजदा बेगम ने बातों बातों मे सविता से जान पहचान बढ़ा ली। इसके बाद महिला ने राज्य व केंद्र सरकारी द्वारा चलाई जाने वाली योजनाओं का लाभ दिलाने सब्जबाग दिखाना शुरू कर दी। वह सरकारी दफ्तरों मे पदस्थ अफसरों से अच्छी जान पहचान होने के दावे भी करती थी, जिससे सविता भी उसकी बातों में आ गई। उसने सरकारी योजना का लाभ लेने साजदा बेगम को रकम दे दिए। इस बीच मोहल्ले की कई अन्य महिलाऐं भी साजदा के संपर्क में आ गई। उन्होंने भी साजदा को पीएम आवास सहित अन्य योजनाओं का लाभ दिलाने रकम दे दिए। साजदा ने उनसे करीब 27 हजार रूपए ले लिए, लेकिन महिलाओं को योजना का लाभ नही दिला सकी। उसकी गोलमोल बातों से महिलाओं को संदेह हो गया। उन्होने मामले की शिकायत मानिकपुर पुलिस चौकी में की। मामले की शिकायत के बाद चौकी प्रभारी प्रेमचंद साहू ने आला अफसरों को अवगत कराया। चौकी प्रभारी श्री साहू ने अपनी टीम के साथ साजदा बेगम से पूछताछ की। इस दौरान उसने महिलाओं से रकम लेने की बात स्वीकार कर ली। मामले में वैधानिक कार्रवाई उपरांत आरोपी साजदा बेगम को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

# यातायात पुलिस ने 188 लोगों पर की लाइसेंस निलंबन की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर विशेष अभियान चलाकर थाना/चौकी के मुख्य मार्ग, चौक चौराहों पर पेट्रोलिंग किया जा रहा है। इसी कड़ी में थाना चौकी एवं यातायात के द्वारा ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त से सख़्त कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया। पेट्रोलिंग के दौरान मुख्य चौक चौराहा एवं भीडभाड वाले इलाकों में जाकर पैट्रोलिंग किया गया गलत तरीके से वाहन चलाने वाले एवं ओवर स्पीड वाहन चलने वाले पर पुलिस के द्वारा कार्यवाही किया गया। लगातार हो रहे एक्सीडेंट में कमी लाने के लिए यह विशेष अभियान को चलाया गया। अभियान के तहत शराब पीकर वाहन चलाना 134, ओवर स्पीड वाहन चलाना 16, बिना सीट बेल्ट के वाहन चलाना 32, धारा 304 भादवि के तहत 6 कार्यवाही की गई। इस दौरान वाहनों को चेक किया गया और उन्हें समझाया गया कि ओवर स्पीड वाहन ना चलाएं, ना ही शराब पीकर वाहन चलाऐ और ना ही अपने करीबियों को नशे की हालत में वाहन चलाने दे उनको समझाया गया एवं हिदायत भी दिया गया। पुलिस के द्वारा कार्यवाही करते हुए लाइसेंस निलंबन की कार्यवाही की गई।आगे भी पुलिस की कार्यवाही जारी रहेगी।

**खास बात**

- तीन माह तक लाइसेंस रहेगा निलंबित, दोबारा होने पर लाइसेंस होगा निरस्त



कार्यवाही करती पुलिस।

# जंगली सुअर का शिकार करने वाले दो आरोपी जेल गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

वन विभाग की टीम को उस समय बड़ी सफलता हाथ लगी, जब पेट्रोलिंग के दौरान जंगल में लगी आग को बुझाने जा पहुंचे। वनकर्मी व फायर वाचरों को अपनी ओर आते देख शिकारी भागने लगे। उनमें से दो लोगों को टीम ने पकड़ लिया। टीम ने जब तलाशी ली तो उसके पास रखे झोले से जंगली सुअर का कान, थूथन व मांस के अलावा बर्तन तथा टंगिया बरामद हुआ। मामले में वन अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए शिकारियों को जेल दाखिल कराया गया है।

**खास बात**

- पेट्रोलिंग के दौरान वन विभाग के हत्थे चढ़े शिकारी

मामला कोरबा वनमंडल के वन परिक्षेत्र करतला की है। दरअसल वनमंडलाधिकारी ने होली पर्व के दौरान जंगल की सुरक्षा के लिए गश्त तेज करने के निर्देश जारी किए थे। उनके निर्देश एसडीओ दक्षिण सूर्यकांत सोनी के मार्गदर्शन तथा करतला वन परिक्षेत्र अधिकारी राजेश चौहान के नेतृत्व में वन अमला होली की पूर्व संध्या गश्त मे जुटा हुआ था। इसके अलावा जंगल को आग से बचाने फायर वाचरों को भी लगाया था। वन विभाग की पेट्रोलिंग पार्टी चिकनीपाली परिसर के कक्ष क्रमांक पी 1168 ग्राम चीताखोल की ओर निकली थी। इस बीच वन अमले को चीताखोल के जंगल में आग की लपटें दिखाई दी। वन विभाग की टीम फायर वाचरों के साथ जंगल में लगी आग को बुझाने जा पहुंचे। वे आग को बुझाते हुए जंगल के भीतर पहुंच गए। उन्हें अपनी ओर आते देख जंगली सुअर का शिकार करने वाले शिकारी घबरा गए। वे इधर उधर भागने लगे। इस बीच शिकारियों पर वनकर्मियों की नजर उन पर पड़ गई। उन्होंने संदेह होने पर दो लोगों को घेराबंदी कर पकड़ लिया। पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम चीताखोल निवासी संतोष कुमार व निलांबर बताया। उनके पास रखे थैले की तलाशी लेने पर वनकर्मी भी भौचक रह गए। दरअसल झोले में जंगली सुअर के कान व थूथन व मांस था, जो ताजा था। इसके अलाव बर्तन, कुल्हाड़ी, नमक व माचिस सहित अन्य सामान मिले। पूछताछ कें दोनों ग्रामीणों ने साथियों के साथ जंगली सुअर का शिकार करना स्वीकार कर लिया। मामले में वन्यप्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 एंव भावअ 1927 की धारा 33(1)घ तथा अन्य धाराओं के तहत कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियो को जेल दाखिल किया गया है। मामले में जांच उपरांत अन्य के खिलाफ भी कार्रवाई की जा सकती है। इस कार्रवाई में रेंजर श्री चौहान के नेतृत्व में बरपाली सर्किक प्रभारी बिरेश कुमार शुक्ला के अलावा गीता नेताम, चंद्रशेखर सिंह, कपिल कुमार कंवर, विजयेंद्र सिंह नेटी, विष्णु साहू, सुकलाल कंवर के अलावा अन्य की सराहनीय भूमिका रही।वन विभाग की टीम ने जंगली सुअर का शिकार करने वाले दो ग्रामीणों को पकड़ लिया। पूछताछ करने पर पता चला कि उनके साथ कई अन्य लोग भी थे। उन्होनें जंगल के आग लगाकर सुअर का शिकार किया था। तत्पश्चात आपस में मांस का बंटवारा कर लिया। टीम के हत्थे चढ़े शिकारी दवा बनाने के लिए जंगली सुअर के कान व थूथन को ले जा रहे थे।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी एवं जब्त औजार तथा जंगली सुअर के अवशेष।

# कांग्रेस नेता देवांगन ने थामा भाजपा का दामन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कांग्रेस नेता नरेश देवांगन ने अंततः कांग्रेस छोड़कर बीजेपी का दामन थाम लिया है। पिछले दिनों भाजपा प्रत्याशी सुश्री सरोज पांडेय और उनकी मुलाकात हुई थी। इस दौरान उपस्थित लोगों के समक्ष नरेश देवांगन ने सरोज पांडेय को समर्थन देते हुए भाजपा में जाने का निर्णय लिया। सरोज पांडेय ने नरेश देवांगन को भाजपा में प्रवेश कराया है।

कांग्रेसियों के भारतीय जनता पार्टी में ऐन चुनाव के वक्त प्रवेश को लेकर काफी बवाल मचा हुआ है। पाली में हुए घटनाक्रम से भाजपा ने सबक ली है। इसके बाद कुसमुंडा में करीब 12 सौ लोगों का होने वाला भाजपा प्रवेश रद्द करना पड़ा। कटघोरा विधानसभा के कांग्रेस नेताओं के प्रवेश को लेकर एक बड़े कार्यक्रम की रूपरेखा अंदरूनी तौर पर तैयार की जा रही थी लेकिन जगह-जगह पर भाजपाईयों के द्वारा ही कथित कांग्रेसियों के प्रवेश को लेकर शुरू होने वाले विवादों के मद्देनजर भाजपा ने फूंक-फूंक कर कदम रखने की ठानी है। कांग्रेस नेता नरेश देवांगन का बिना किसी ताम झाम के और बड़े ही गोपनीय तरीके से भाजपा में प्रवेश होना इसका एक हिस्सा है। सूत्र बताते हैं कि नरेश देवांगन पिछले दिनों कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के भारत जोड़ो न्याय यात्रा में कोरबा प्रवास के दौरान उनके निवास स्थान अथवा प्रतिष्ठान के समक्ष स्वागत सत्कार के लिए नहीं रुकने के कारण नाराज चल रहे हैं। उनकी यह नाराजगी और संगठन में घट रही पूछ परख ने काफी आहत किया और श्री देवांगन ने कांग्रेस छोड़ने का निर्णय लिया।



भाजपा प्रत्याशी सुश्री सरोज पाण्डेय के साथ नरेश देवांगन एवं अन्य।

### कापानवापारा में गांव के निकट पहुंचा हाथियों का झुण्ड

**कोरबा।** वनमंडल कटघोरा के केंदई रेंज में हाथियों का आतंक जारी है। यहां के कापानवापारा क्षेत्र में 31 हाथियों का झुंड विचरण कर रहा है। जिसमें आधा दर्जन बेबी एलीफेंट भी शामिल हैं। बताया जाता है कि हाथियों का यह झुंड मंगलवार की रात 8 बजे के लगभग गांव के निकट पहुंच गया था और तालाब में लगभग 4 घंटे जलक्रीड़ा करने के बाद निगरानी दल द्वारा खदेड़े जाने पर वापस जंगल की ओर लौटा। इस दौरान ग्रामीण काफी दहशत में रहे। ग्रामीणों द्वारा वन विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ निगरानी दल के सदस्यों को सूचना दी गई जिस पर निगरानी दल तत्काल मौके पर पहुंचा और हाथियों की निगरानी करने के साथ ही उसे खदेडऩे की कार्रवाई की। खदेड़े जाने पर झुंड ने जंगल का रूख किया।

### धूं-धूं कर सुलगता रहा कोयला, फायर ब्रिगेड को नहीं दी सूचना

# स्टेशन के पास कोयले के स्टॉक पर लगी आग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

रेलवे स्टेशन के समीप स्थित निजी कोल साईडिंग में कोयले की ढेर से धुआं निकलने लगा। देखते ही देखते धुंआ आग में तब्दील हो गया। कर्मचारी कोयले में लगी आग को बुझाने दमकल विभाग को सूचना देने के बजाय खुद ही आग पर काबू पाने का प्रयास करते रहे, लेकिन उन्हें सफलता हाथ नहीं लगी। देर रात तक कोयला स्टॉक में आग की लपटें निकलती रही। जिस तरह से प्राइवेट कोल साइडिंग में आग लगने की घटना हो रही है।

उल्लेखनीय है कि कोरबा रेलवे स्टेशन में सेकेंड एंट्री के समीप निजी कोल साइडिंग बनाया गया है। यहां खदानों से निकलने वाली ओवर लोड मालगाड़ी से कोयला को खाली कराया जाता है। इस कोयले को भारी वाहनों की मदद से संबंधित को भेजा जाता है। इसके लिए संदेश ट्रेडर्स नामक कंपनी को जिम्मेदारी सौंपी गई है। कंपनी द्वारा विभिन्न क्षेत्र में भेजे जाने वाले मालगाड़ी से कोयले को खाली करा साईडिंग में रखा गया है। कोयले का स्टॉक पहाड़ का रूप ले चुका है। बताया जा रहा है कि मंगलवार की सुबह लोगों की आवाजाही चल रही थी। इसी दौरान कुछ लोगों की नजर कोल स्टॉक पर पड़ी, जिससे धुआं निकल रहा था। जिसकी जानकारी कंपनी के कर्मचारियों को दी गई। सूचना मिलने पर कर्मी मौके पर पहुंचे तो धुआं आग के रूप में तब्दील हो चुका था। इस आग ने कोयला के स्टॉक के अधिकांश हिस्से को अपनी चपेट में ले लिया था। जिसे सामान्य रूप से पानी का छिडक़ाव कर बुझा पाना संभव नहीं था। इसके बावजूद कर्मचारी दमकल विभाग को सूचना देने के बजाय खुद ही पानी का छिडक़ाव कर आग बुझाने का प्रयास करते रहे। इसके लिए समीप ही स्थित डबरीनुमा गड्ढे में पाइप लगाकर पानी की व्यवस्था की गई थी। कर्मचारियों ने लगातार प्रयास के बाद काफी हद तक आग पर काबू तो पाया, लेकिन पूरी तरह बूझा नही सके। देर शाम तक कोल स्टॉक से आग की लपटें निकलती रही।



कोल साइडिंग जहां लगी आग।

जाँजगीर मार्केट

आदित्य प्लाई एण्ड हार्डवेयर
प्रो. आदित्य सिंघानिया मो.6260115021
छड़, सीमेंट, टीन, लोहा पाईप एवं बिल्डिंग मटेरियल
विशेष-इंटीरियर एवं डेकोरेड
डीलर-अग्नि शमन यंत्र (फायर सेफ्टी)
प्लाई, सनमाईका, सेन्टिग प्लाई
विशेष-घर बनाना हुआ आसान, रिंग सरिया छड़ द्वारा निर्मित जाली कालम बीम आर्डर पर सभी साईज में बनाया जाता हैं।
संबंधित प्रतिष्ठान
सिंघानिया लकड़ी लघु उद्योग
सभी प्रकार की लकड़ियां कम दर में प्राप्त करें
प्रो. शंकर सिंघानिया मो. 9302362173

गुप्त रोग
नामर्दी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु पतला, पेशाब के साथ धातु का गिरना,जलन छोटापन,टेढ़ापन, सिपलिस, गनौरिया,चर्मरोग, इत्यादि सभी प्रकार के गुप्त रोग का इलाज किया जाता है। बिना आपरेशन अण्डकोष, बवासीर एवं भगंदर का गारंटी इलाज।
निःसंतान दंपति अवश्य मिले
मां दुर्गा क्लीनिक
डॉ. ए.के. विश्वास
स्टेशन रोड पी.डब्ल्यू.डी. ऑफिस के सामने गट्टानी लोहा बाड़ा के बगल, चाम्पा
मो.- 8269419396, 8670074465

TOP IN JANJGIR

कोसा साड़ी शो-रूम
महेशराम देवांगन एंड ब्रदर्स
• हैण्डलूम कोसा (टसर) सिल्क साड़ी (हैण्डवोभन, हैण्डब्लॉक प्रिंट्स, एम्ब्रायडरी)
• मलवरी सिल्क साड़ी • फैंसी सिल्क साड़ियाँ • सलवार सुट
• दुपट्टा • शॉल • ड्रेस मटेरियल • फर्निशिंग कपड़े इत्यादि
पोस्ट ऑफिस के सामने, गौशाला रोड, चाम्पा 495 671 (छ.ग.)
Ph. : 07819-245152, 245661, Mob. : 9425505875, E-mail : maheshramdewangan1@gmail.com

28- March Janj -BHOOMI-pg 3_Layout 1 3/28/2024 8:42 PM Page 1





# खुद को आउटसाइडर ही मानते हैं शाहिद

**मुंबई।** बॉलीवुड स्टार शाहिद कपूर की लास्ट रिलीज 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' इस साल की हिट हिंदी फिल्मों में से एक है। फिल्म की सक्सेस एन्जॉय कर रहे शाहिद इन दिनों अपनी अगली फिल्म 'देवा' पर काम कर रहे हैं जो एक एक्शन एंटरटेनर है। करियर की शुरुआत से ही फैन्स के फेवरेट एक्टर्स में एक बन चुके शाहिद ने अब कहा है कि वो खुद को आउटसाइडर ही मानते हैं। शाहिद ने इंडस्ट्री में पहले से काम कर रहे एक्टर का बेटा होने के फायदे-नुक्सान पर दिल खोलकर बात की। उन्होंने कहा कि भले उनके पिता पहले से एक्टर थे लेकिन उन्हें इस बात का कोई फायदा नहीं मिला।

लाइफ Style

# अदिति राव हैदरी

## गुपचुप रचाई सिद्धार्थ से दूसरी शादी



साउथ और बॉलीवुड में एक्टिंग का लोहा मनवा चुकीं एक्ट्रेस अदिति राव हैदरी अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर काफी सुर्खियों में रही हैं। उनका नाम अक्सर साउथ एक्टर सिद्धार्थ के साथ जुड़ता रहा है। हालांकि, दोनों में से किसी ने भी कभी रिश्ते को लेकर खुलकर बात नहीं की और ना ही कोई रिएक्शन दिया।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अब खबर सामने आ रही है कि इस रूमर्ड कपल ने गुपचुप शादी रचा ली है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो अदिति और सिद्धार्थ ने अपने ट्रेडिशनल रीति-रिवाज के साथ शादी की है। बताया जा रहा है कि रूमर्ड कपल की शादी के लिए तमिलनाडु के पुजारियों को बुलाया गया था। कहा जा रहा है कि उन्होंने जिस मंदिर में फेरे लिए हैं वो वानापर्थी में है। रिपोर्ट्स में इस जगह से एक्ट्रेस का खास कनेक्शन बताया जा रहा है। दरअसल, अदिति राव हैदरी शाही परिवार से ताल्लुक रखती हैं और उनके नाना वानापर्थी संस्थानम के आखिरी शासक थे। अदिति अकबर हैदरी की परपोती हैं। उनके दादा मुहम्मद सालेह अकबर हैदरी असम के पूर्व राज्यपाल भी रह चुके हैं।


अदिति राव हैदरी और सिद्धार्थ के गुपचुप शादी रचाने के पीछे की वजह को लेकर बताया जा रहा है कि दोनों अपनी निजी जिंदगी को पर्सनल रखना पसंद करते हैं और शायद इसी वजह से उन्होंने सीक्रेट वेडिंग चुनी। हालांकि अभी तक कपल ने अपनी शादी की अमाउंसमेंट नहीं की है और ना ही उनकी शादी की कोई तस्वीर सामने आई हैं। बहरहाल, अगर सिद्धार्थ और अदिति की लव स्टोरी की बात की जाए तो रिपोर्ट्स में बताया जाता है कि साल 2021 में तमिल-तेलुगु फिल्म 'महा समुद्रम' के दौरान इनके बीच नजदीकियां आई थी।

हॉलीवुड मसाला



# 51 साल की उम्र में बनी मां

**लॉस एंजिलिस।** हॉलीवुड की फेमस एक्ट्रेस कैमरून डियाज के घर एक बार फिर बच्चे की किलकारी गूंजी है। पूरा घर खुशियों से भर गया है। परिवार जश्न मना रहा है। 'द मास्क' फेमस कैमरून ने 51 साल की उम्र में दूसरे बच्चे को जन्म दिया। उन्होंने सोशल मीडिया पर फैंस को ये गुड न्यूज सुनाई और बेटे के नाम का भी ऐलान कर दिया है। डियाज ने इंस्टाग्राम पर एक ड्राॅइंग की फोटो शेयर की, जिस पर लिखा है, 'एक छोटी चिड़िया ने मेरे कानों में आकर कहा...।'




# 'बैड बॉयज़' के चौथे पार्ट का ट्रेलर रिलीज

**लॉस एंजिलिस।** हॉलीवुड की करीब 29 साल पुरानी फ्रेंचाइजी फिल्म 'बैड बॉयज़' के चौथी सीरीज का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। इस कॉप एक्शन कॉमेडी ड्रामा फिल्म में विल स्मिथ और मार्टिन लॉरेंस जासूस की भूमिका में दिख रहे हैं। बता दें कि ऑस्कर सेरिमनी 2022 अवार्ड्स में होस्ट क्रिस रॉक को थप्पड़ मारने की वजह से चर्चा में रहे विल स्मिथ की उस घटना के बाद ये पहली फिल्म रिलीज होने जा रही है। हॉलीवुड के इस फ्रेंचाइजी 'बैड बॉयज' की चौथी सीरीज के साथ 'बैड बॉयजः राइड और डाई' से ये विल स्मिथ स्क्रीन पर लौटने के लिए बिल्कुल तैयार दिख रहे हैं। इस फ्रेंचाइजी फिल्म में दमदार जोड़ी है यानी एक बार फिर विल स्मिथ के साथ मार्टिन लॉरेंस भी नजर आ रहे हैं।



# राजनीति में करना चाहती हूं एंट्री

**मुंबई।** सारा अली खान इन दिनों लगातार अपने अपकमिंग प्रोजेक्ट्स में बिजी हैं। हाल ही में ओटीटी प्लेटफॉर्म पर उनकी दो मोस्ट अवेटेड फिल्में 'मर्डर मुबारक' और 'ऐ वतन मेरे वतन' रिलीज हो चुकी हैं। इसे दर्शकों से अच्छा खासा रिस्पांस मिल रहा है। 'मर्डर मुबारक' उनकी पहली सस्पेंस थ्रिलर थी। इसके साथ ही 'ऐ वतन मेरे वतन' में उन्होंने उषा मेहता का रोल प्ले किया, जिसे लोगों से खूब प्यार मिला और उनकी एक्टिंग ने सभी का दिल जीत लिया। इसी बीच अब उनकी राजनीति में एंट्री की चर्चा शुरू हो गई है। इस पर एक्ट्रेस का रिएक्शन भी सामने आया है। दरअसल, कंगना रनौत के मंडी से लोकसभा चुनाव लड़ने के ऐलान के बाद सारा अली खान का पुराना वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने लगा था। इसमें उन्होंने राजनीति में जाने की दिलचस्पी दिखाई थी।



# तिरुपति बालाजी मंदिर पहुंचे राम चरण

**मुंबई।** पैन इंडिया स्टार राम चरण का 27 मार्च को 39वां बर्थडे था, और इस खास मौके पर वह तिरुपति मंदिर पहुंचे। राम चरण पत्नी उपासना और बेटी क्लिन कारा के साथ आंध्र प्रदेश स्थित तिरुपति बालाजी मंदिर पहुंचे। वहां उन्होंने पूजा की और भगवान का आशीर्वाद लिया। राम चरण को तिरुपति में देख फैंस और मीडिया ने चारों तरफ से घेर लिया, जिससे वह थोड़ा परेशान भी नजर आए। राम चरण ने तिरुपति मंदिर जाते हुए शर्ट और वेस्टी पहनी हुई थी, जबकि पत्नी उपासना ने साड़ी पहनी थी। उन्होंने बेटी क्लिन का चेहरा साड़ी के पल्लू से छुपा रखा था। तिरुपति बालाजी मंदिर से निकलते वक्त मीडिया ने राम चरण और उपासना को घेर लिया। यह देख राम चरण परेशान हो गए और उनसे रिकॉर्ड न करने की अपील की। सोशल मीडिया पर राम चरण और उपासना की कई तस्वीरें वायरल हो रही हैं।

# मैंने तो गर्लफ्रेंड्स को मम्मी की जूलरी भी दे डाली

**मुंबई।** 30 मार्च से 'द ग्रेट इंडियन कपिल शर्मा शो' शुरू होने जा रहा है। शो में बतौर गेस्ट रणबीर कपूर, नीतू कपर और रिद्धिमा कपूर साहनी बतौर गेस्ट पहुंचने वाले हैं। इस दौरान कपूर फैमिली मजेदार बातें करते हुए नजर आने वाली है और रणबीर गर्लफ्रेंड्स से जुड़े खुलासे करने वाले हैं। चलिए बताते हैं उन्होंने क्या कुछ कहा है।

## राशिफल

**मेष** — आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। परिवार का साथ मिलेगा। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों की अधिकता रहेगी। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें।

**वृष** — मन परेशान रहेगा। मानसिक शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि भी हो सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**मिथुन** — मन अशान्त हो सकता है। व्यर्थ के क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। कुटुम्ब परिवार में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

**कर्क** — मन में शान्ति एवं प्रसन्नता रहेगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। तरक्की के अवसर भी मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं।

**सिंह** — स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में किसी दूसरे स्थान पर जाना हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**कन्या** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। मानसिक शान्ति बनाये रखने के लिए प्रयास करें। परिवार का साथ मिलेगा। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**तुला** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। खर्चों में वृद्धि होगी। भाइयों का सहयोग मिलेगा।

**वृश्चिक** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। नौकरी में पदोन्नति के साथ परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। कार्यक्षेत्र में बदलाव भी हो सकता है।

**धनु** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन परेशान भी हो सकता है। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। आय में वृद्धि होगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा।

**मकर** — जीवनसाथी के स्वास्थ्य में सुधार होगा। नौकरी में स्थान परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। तरक्की के मार्ग प्रशस्त हो सकते हैं।

**कुंभ** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। मानसिक शान्ति के लिए प्रयास करें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में विस्तार हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। आय में वृद्धि होगी।

**मीन** — मन प्रसन्न रहेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। नए कारोबार की शुरुआत हो सकती है।

## नसीरुद्दीन शाह को साथ में मिली सच्ची मोहब्बत

# थिएटर से शुरुआत करने के बाद संवर गई एक्टर्स की जिंदगी

**मुंबई।** 27 मार्च का दिन वर्ल्ड थिएटर डे के तौर पर मनाया जाता है। इस दिन थिएटर और स्टेज के सभी रूपों और अभिनेताओं को सम्मानित करने और बढ़ावा देने के लिए मनाया जाता है। बॉलीवुड में हमारे कई ऐसे एक्टर्स हैं जो आज सुपरस्टार बन चुके हैं और उन्होंने अपने करियर की शुरुआत थिएटर से की थी। जिनमें शाहरुख खान, मनोज बाजपेयी, नवाजुद्दीन सिद्दीकी, नसीरुद्दीन शाह समेत कई नाम शामिल हैं।

### अनुपम खेर

अनुपम खेर ने 1978 में, खेर ने नई दिल्ली में नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा (एनएसडी) से ग्रेजुएशन की थी। वह अब अपने फिल्मी करियर के साथ-साथ खुद का एक्टिंग स्कूल भी चलाते हैं।



### नसीरुद्दीन शाह और रत्ना पाठक

नसीरुद्दीन शाह और रतना पाठक दोनों ही बेहतरीन एक्टर्स हैं। दोनों पति पत्नी भी हैं। इन्होंने अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत थिएटर से की थी। दोनों ने एक साथ नाटक का हिस्सा थे। जहां वह एक दूसरे को पसंद करने लगे थे। नसीर और रतना दोनों ही एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री का बड़ा नाम हैं और थिएटर से इन्हें नाम और काम के साथ-साथ प्यार भी मिला।

### शबाना आजमी

शबाना आजमी ने अपने करियर की शुरुआत थिएटर से की थी। वह अपने करियर में 100 से ज्यादा फिल्में कर चुकी हैं और उन्हें 5 बार बेस्ट एक्ट्रेस के नेशनल अवॉर्ड मिल चुका है। इसके साथ ही उन्हें कुछ फिल्मों के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार भी मिल चुके हैं।

### परेश रावल

परेश रावल आज अभिनेता के साथ-साथ राजनीति में भी एक्टिव हैं। उनके रोल और कॉमिक टाइमिंग के साथ बॉलीवुड में उन्हें आज भी कोई टक्कर नहीं दे सकता। परेश रावल ने भी अपने करियर की शुरुआत थिएटर से की थी।

### राजकुमार राव

'शादी में जरूर आना' के सत्तू से 'स्त्री' के बिक्की तक के किरदार में जान फूंक देने वाले राजकुमार राव फिल्मों में आने से पहले थिएटर करते थे।

### मनोज बाजपेयी

फैमिली मैन मनोज बाजपेयी भी थिएटर कर चुके हैं। उन्होंने अपनी एक्टिंग की शुरुआत थिएटर से की थी। हालांकि बाद में वह टीवी, बड़े पर्दे और अब ओटीटी पर भी अपने अभिनय का कमाल दिखा रहे हैं।



### सतीश कौशिक

सतीश कौशिक भले ही अब इस दुनिया में नहीं रहे, लेकिन आज भी उनका काम सराहा जाता है। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत थिएटर से की थी। सतीश नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा के स्टूडेंट थे और इस जगह से उन्हें केवल नाम नहीं, बल्कि कई बेहतरीन दोस्त भी मिले थे।

### इरफान खान

इरफान खान का नाम हिंदी सिनेमा जगत के दिग्गज अभिनेताओं में शुमार है। उन्होंने रविन्द्र मंच से अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत की थी। भले ही वह अब इस दुनिया में नहीं है, लेकिन अपने अभिनय से उन्होंने लोगों के मन में जो छाप छोड़ी है वो अमिट है।





### राधिका आप्टे

राधिका आप्टे को उनकी हटके एक्टिंग के लिए जाना जाता है। लेकिन कम ही लोग जानते हैं कि फिल्मों में आने से पहले वह थिएटर कर चुकी हैं। ये ही कारण है कि वह एक बेहतरीन एक्ट्रेस हैं।

## शब्द पहेली - 5465

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | | 4 | ■ | 5 | | 6 | 7 |
| 8 | | ■ | | ■ | 9 | | | ■ | 10 | |
| | ■ | 11 | | | | ■ | 12 | 13 | ■ | |
| 14 | | | | ■ | ■ | 15 | ■ | 16 | 17 | |
| | ■ | | ■ | 18 | | | 19 | ■ | | ■ |
| 20 | 21 | | 22 | | ■ | 23 | | 24 | | 25 |
| ■ | | ■ | 26 | | | | ■ | | ■ | |
| 27 | | 28 | ■ | | ■ | ■ | 29 | | | |
| | ■ | 30 | 31 | ■ | 32 | | | | ■ | |
| 33 | 34 | ■ | 35 | | | ■ | | ■ | 36 | |
| 37 | | | | ■ | 38 | | | | | |

**बाएँ से दाएँ**
1.हलचल,कोलाहल-3,3
5.मानवीयता-4
8.शरीर, बदन-2
9.ऊंचाई-3
10.तीर, बाण-2
11.मनमोहक-4
12.रग, नाड़ी-2
14.दुत्कारना-4
16.चतुर, फुर्तीला-3
18.साझेदार-4
20.रमण लायक-3,2
23.भारी, वजन वाला-5
26.असावधानी-4
27.दाल पीसना-3
29.निश्चित-4
30.कविता-2
32.शरीर व इच्छा-2,2
33.भारत के झंडे का एक एक रंग-2
35.सलाम करना-3
36.रास्ता-2
37.राह पर चलनेवाले-4
38.जहाज चलाने की प्रक्रिया-3,3

**ऊपर से नीचे**
1.पैतृक संपत्ति का वारिस-6
2.गाय के स्तन-2
3.प्रसन्न होने का भाव-4
4.लगन, जिज्ञासा-3
5.खदान,खान (अंग्रेजी में-3)
6.अधीन, काबू-2
7.डामर, टार-4
11.पूर्वरक्षण, रिजर्वेशन-4
13.सच्चाई-2
15.दुश्मनी,शत्रुता-4
17.घूंघट, बुरखा-3
18.भाग्य का लेखा-जोखा-4
19.धूल, रेत-2
21.भवन, प्रसाद-3
22.जोड़, कुल-2
24.लावण्ययुक्त-4
25.जीवन निर्वाह का ढंग,-3,3
27.विजयादशमी-4
28.मोड़, छोर-2
29.मृत्यु का देवता, यम-4
31.बुरी आदत-3
32.सभ्य व्यवहार-3
34.मार्ग-2
36.गोंद, वार्निश-2

### शब्द पहेली- 5464 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ह | ल | च | ल | | टा | | द | वा | खा | ना |
| | क्ष्य | | य | | ल | क | वा | | र | ज |
| ज | | | कु | सु | म | | त | | | नी |
| ब | द | मा | श | | टो | ना | | सौ | त | न |
| र | | हि | | फा | ल | | प्रा | | न | |
| न | ग | र | वा | सी | | ग | ण | ना | य | क |
| | र | | द | | मा | ली | | पा | | ल |
| अ | ल | ग | | म | न | | चौ | की | दा | र |
| प | | | चि | | सि | स | की | | | व |
| श | ज | | क | न | क | | दा | | मे | |
| ध | इ | क | न | | ता | | री | मा | ला | गू |

## सूडोकु नवताल- 5476

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | | 6 |
| 3 | | | | | 2 | | | |
| | | 7 | 6 | 5 | | | | 4 |
| 9 | 6 | | 5 | | | 1 | | 7 |
| 5 | | 1 | 4 | | 9 | 8 | | 2 |
| 4 | | 8 | | | | | 5 | 3 |
| 2 | | | | 6 | 1 | 4 | | |
| | | | 7 | | | | | 8 |
| 7 | | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल- 5475 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 4 | 9 | 5 | 2 | 6 | 1 | 3 |
| 9 | 6 | 2 | 4 | 3 | 1 | 8 | 5 | 7 |
| 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 6 | 2 | 4 | 9 |
| 4 | 2 | 3 | 6 | 1 | 5 | 9 | 7 | 8 |
| 8 | 5 | 9 | 2 | 4 | 7 | 1 | 3 | 6 |
| 6 | 7 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 2 | 5 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 6 | 4 | 5 | 9 | 2 |
| 5 | 9 | 6 | 1 | 2 | 3 | 7 | 8 | 4 |
| 2 | 4 | 8 | 5 | 7 | 9 | 3 | 6 | 1 |

## खबर संक्षेप

### संविधान निर्माता की जयंती मनाने बैठक आज

**जांजगीर-चांपा।** संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती कार्यक्रम आयोजित करने के संबंध में चर्चा करने और कोर कमेटी गठित करने के संबंध में शुक्रवार 29 मार्च को शाम 4.30 बजे से शाम 7 बजे तक अनुसूचित जाति मंगल भवन विवेकानंद मार्ग जांजगीर में बैठक रखी गई है। अजाक्स संघ के जिलाध्यक्ष बी.आर. रत्नाकर ने सर्व समाज के अंबेडकरवादी विचारधारा को मानने वाले गैर राजनीतिक संगठनों, पढ़े-लिखे बुद्धिजीवी, अधिकारी-कर्मचारियों एवं युवाओं से उपस्थित होने की अपील की है।

### दौड़ प्रतियोगिता में प्रणव को मिला दूसरा स्थान

**जांजगीर-चांपा।** ज्ञान भारती हायरसेकेन्ड्री स्कूल के द्वारा स्कूल परिसर में विभिन्न तरह के खेलों का आयोजन किया गया, जिसमें क्रिकेट, दौड़,



बैडमिंटन सहित अन्य तरह के खेलों का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा 5 वीं अंग्रेजी माध्यम के छात्र प्रणव वैष्णव को दौड़ प्रतियोगिता में दुसरा स्थान प्राप्त हुआ। पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान स्कूल के संचालक आर.सी. पांडेय, प्राचार्य सीमा कश्यप, जी.आर. जांगड़े, देवेन्द्र राठौर, गितेश राठौर, शीला तिवारी, नेहा राठौर, संध्या राठौर, सहीत स्टाप के अन्य लोग उपस्थित थे।

### लोकसभा चुनाव को लेकर वाहनों की गई जांच



**तुस्मा।** लोकसभा चुनाव को लेकर वाहनों की चेकिंग शुरु हो गई है। विभाग द्वारा संदिग्ध वस्तुओं व नगदी की जांच के लिए जगह-जगह नाकेबंदी कर वाहनों की जांच की जा रही है। इसी कड़ी में तुस्मा-पलारी पुल के पास वाहनों की जांच की गई। शिवरीनारायण थाना क्षेत्र के तुस्मा-पलारी पुल के पास गुरुवार 28 मार्च की सुबह 11 बजे यातायात विभाग द्वारा वाहनों की सघन जांच की गई। यातायात विभाग द्वारा दो पहिया वाहन और चार पहिया वाहन के साथ साथ बड़े वाहनों की जांच की गई। इस दौरान कार में सीट बेल्ट चेकिंग, ग्लास चेकिंग, हेलमेट चेकिंग, दो पहिया वाहनों पर तीन सवारी करते हुए पाए जाने वालो के विरुद्ध चलानी कार्यवाही की गई।

## निधन

### सोनम दुबे

**बिलासपुर।** अभिलाषा परिसर तिफरा बिलासपुर निवासी लव कुश दुबे (संबलपुर वाले) की बेटी



सोनम दुबे का 32 वर्ष की आयु में इलाज के दौरान 27 मार्च की रात वेल्लोर में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 29 मार्च शुक्रवार की सुबह 10 बजे मुक्तिधाम सरकंडा बिलासपुर में किया जाएगा। वे राहुल दुबे, प्रतीक दुबे की छोटी बहन और लवकुश आशा दुबे की बेटी थीं।

### उमेंदराम कश्यप

**जांजगीर-चांपा।** नवागढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत खैरताल के प्रतिष्ठित नागरिक उमेंदराम कश्यप का गुरुवार 28 मार्च को सुबह 9.40 बजे



निधन हो गया। वे 106 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे अपने पीछे छह पुत्र लकेशराम कश्यप, भुनेश्वर कश्यप, चैतराम कश्यप, केशव कश्यप, छतराम कश्यप, उमेश कश्यप व दो पुत्री श्रीमती मोहन व श्रीमती विश्श्वरी सहित भरापूरा परिवार छोड़ गए है। उनके अंतिम यात्रा में परिजन व ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए।

स्वीप कार्यक्रम के तहत हुआ आयोजन, शतप्रतिशत मताधिकार का उपयोग करने दिलाई गई शपथ

# विकासखण्ड स्तरीय मैराथन, पुरूष वर्ग में निहाल व महिला वर्ग में भगवती प्रथम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती



मैराथन दौड़ में शामिल विजयी प्रतिभागी।

स्वीप कार्यक्रम के तहत जनपद पंचायत सक्ती में मैराथन दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विकासखण्ड स्तरीय मैराथन दौड़ में पुरूष वर्ग, महिला वर्ग, एनसीसी बालक-बालिका, जनपद स्टाफ, एसएचजी की दीदियों सहित विभिन्न नागरिक शामिल हुए। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को प्रशस्ति पात्र देकर सम्मानित किया गया।

लोकसभा निर्वाचन के मद्देनजर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अमृत विकास तोपनो और परियोजना निदेशक बी पी भरद्वाज के निर्देशन में सक्ती विकासखंड सहित अन्य सभी विकासखंड में विभिन्न स्वीप गतिविधिया आयोजित कराई जा रही है। स्वीप कार्ययोजना के तहत मतदाताओं में मतदान के प्रति जागरूकता लाने, निर्वाचन प्रक्रिया मे सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु जनपद पंचायत सक्ती में मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती प्रीति पवार द्वारा सक्ती में विकासखण्ड स्तरीय मैराथन दौड़ प्रतियोगिता एवं होली मिलन समारोह आयोजित कराई गई। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर हुई। सक्ती में गुरुवार 28 मार्च को ग्राम पंचायत नंदेली भाठा स्थित वन विद्यालय मैदान से मरकामगोढ़ी तक मैराथन दौड़ प्रतियोगिता सुबह 8 बजे आयोजित की गई, जिसमे बड़ी संख्या में लोग उत्साहपूर्वक शामिल हुए। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सक्ती से प्राप्त जानकारी अनुसार आयोजित विकासखंड स्तरीय मैराथन दौड़ प्रतियोगिता अंतर्गत पुरूष वर्ग में प्रथम स्थान निहाल गुप्ता (सक्ती), द्वितीय स्थान सुनील दास महंत (सक्ती), तृतीय स्थान आर्यन कसेर (सक्ती) ने प्राप्त किया। इसी प्रकार महिला वर्ग में प्रथम स्थान श्रीमती भगवती यादव (ग्राम नंदेली), द्वितीय स्थान श्रीमती गायत्री विश्वकर्मा (ग्राम नगरदा), तृतीय स्थान कुमारी आकाशी भट्ट (सक्ती) ने प्राप्त किया। विकासखण्ड स्तरीय मैराथन दौड़ में पुरूष वर्ग, महिला वर्ग, एनसीसी बालक-बालिका, जनपद स्टाफ, एसएचजी की दीदीयों सहित विभिन्न नागरिक शामिल हुए। मैराथन दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को जनपद पंचायत सक्ती सीईओ के द्वारा प्रशस्ति पात्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों को शतप्रतिशत मताधिकार का उपयोग के लिए शपथ भी दिलाया गया।

### समूह की महिलाएं गांव-गांव जा कर लोगों को मतदान करने कर रही प्रेरित



लोकसभा चुनाव में जिलेवासियों की शत प्रतिशत मतदान में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न स्वीप कार्यक्रम कराये जा रहे है। बुधवार को राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) के माध्यम से जनपद पंचायत जैजैपुर के क्लस्टर भोथिया, ठठारी, हसौद, ओड़ेकेरा के समस्त समूहों के सदस्यों और पीआरपी द्वारा आकर्षक रंगोली, मेहंदी के माध्यम से आमजन को लोकतंत्र में पूर्ण आस्था रखते हुए ज्यादा से ज्यदा मतदान करने के लिए गांव –गांव घूमकर नारों के माध्यम से जागरूकता का संदेश दिया गया। इसी प्रकार जनपद पंचायत मालखरौदा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सी के आदिले से प्राप्त जानकारी अनुसार जनपद पंचायत मालखरौदा के विभिन्न ग्रामपंचायतो में स्वसहायता समूह के माध्यम से जागरूकता अभियान, होली मिलन एवं मानव श्रृंखला बनाकर शत प्रतिशत मतदान करने के लिए शपथ लेते हुए लोगों को जागरुक किया गया।



बैठक में उपस्थित अधिकारी।

## लाइवलीवुड कॉलेज में होगा नवीन चिकित्सा महाविद्यालय का संचालन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

- मेडिकल कॉलेज संचालित करने बैठक आयोजित

जिले में नवीन चिकित्सालय महाविद्यालय संचालन को लेकर तैयारी शुरु हो गई है। वहीं इसके लिए जहां बजट में राशि भी जारी कर दिया गया है, वहीं मेडिकल कॉलेज संचालन के लिए ला ई व ली वु ड कॉलेज का चयन किया गया है। कलेक्टर ने नवीन चिकित्सा महाविद्यालय की आवश्यक तैयारी एवं प्रारंभ करने हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों को निर्देश दिए है।

कलेक्टर आकाश छिकारा की अध्यक्षता में नवीन चिकित्सा महाविद्यालय जांजगीर में संचालित करने के संबंध में आवश्यक तैयारी हेतु बैठक आयोजित की गई। बैठक में नवीन चिकित्सा महाविद्यालय प्रारंभ करने हेतु लाईवलीवुड कॉलेज जांजगीर को चिन्हांकित किया गया तथा नवीन चिकित्सा महाविद्यालय में अतिरिक्त बेड हेतु शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र जांजगीर एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पामगढ़ को चिन्हांकित किया गया। नवीन चिकित्सा महाविद्यालय की आवश्यक तैयारी एवं प्रारंभ करने हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों को निर्देश दिए गए। बैठक में अपर कलेक्टर एस पी वैद्य, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. स्वाति वंदना सिसोदिया, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती ममता यादव, प्राध्यापक शिशु रोग डॉ. राकेश नहरेल छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान (सिम्स) बिलासपुर एवं नोडल अधिकारी नवीन चिकित्सा महाविद्यालय जांजगीर, जिला कार्यक्रम प्रबंधक उत्कर्ष तिवारी, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. ए.के. जगत सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## ग्रामीणों क्षेत्रों में खुलेआम हो रही महुआ शराब की बिक्री

**तुस्मा।** ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध रुप से कच्ची महुआ शराब की बिक्री जोरों पर है। रोज शाम को कुकदा, सलखन, बेल्हा, रिंगनी सहित अन्य गांवों में महुआ शराब की पोटली बनाकर बिक्री किया जाता है। शिवरीनारायण थाना क्षेत्र के दर्जनों गांवों में प्रति दिन 100 से 200 लीटर अवैध महुआ शराब की बिक्री होती है। अवैध शराब के कारण युवा पीढ़ी नशे की चपेट में आ रहा है।



नशे में चूर होकर युवा आपराधिक घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। अवैध शराब की बिक्री से सबसे ज्यादा परेशानी महिलाओं को हो रही है। शाम होते ही चौक-चौराहे में शराबियों को जमावड़ा लग जाता है। महिलाओं का शाम के समय घर से बाहर निकलना मुश्किल हो जाता है। शराब के नशे में चूर होकर शराबी गाली गलौज करते हुए जमकर उत्पात मचाते हैं। शराबी मंदिर व तालाब किनारे सार्वजनिक स्थलों को नहीं बख्शा है। शराब पीकर शराब की बोतलें मंदिरों व सार्वजनिक स्थानों में फोड़ या फेंक देते है। शराब तस्कर द्वारा क्षेत्र के दर्जनों गांवों में बोरी और कार्टूनों में भरकर शराब पहुंचाया जाता है, बावजूद इसके आबकारी व पुलिस विभाग को इसकी भनक तक नहीं लगती है।

# धूमधाम से मनाया गया रंगों का पर्व होली

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

- एक दुसरे को रंग गुलाल लगाकर बड़े बुजुर्गो से लिया आशीर्वाद

रंगों का पर्व होली नगर में धुमधाम से मनाया गया। बच्चें, युवा, बुजूर्ग हर वर्ग के लोगों ने जमकर होली खेली। होलिका दहन से लेकर ढ़ोल नगाड़ों की थाप, रंग-गुलालों की बौछार तक लोगों में भरपूर उत्साह व उमंग देखा गया।

होली की पूर्व संध्या में नगर के अनेकों स्थिानों में होलिका दहन का आयोजन किया गया। प्रायः सभी मोहल्ले में पूजा अर्चना के साथ होलिका दहन किया गया। समाजिक स्तर पर भी विभिन्न समाजों द्वारा होली दहन का आयोजन किया गया, जिसमें समाज के महिला पुरूष सभी शामिल हुए। समान्य तौर पर लकड़ी इकठ्ठा कर होली बनाये गये थे वही कुछ एक स्थानों में कंण्डे से होलिका तैयार किया गया था। मुहूर्त के अनुसार रात 11 बजे से बाद से होली दहन किया गया। दुसरे दिन रंगो का त्यौहार होली का आयोजन किया। सुबह 7 बजे से होली खेलना शुरू हो गया। 8 बजे से 11 बजे तक त्यौहार पूरे शबाब में रहा। सड़क में होलिकर टोलियां रंग गुलाल लगाते , डीजे , डोल , नगाड़ों की थाम में जमकर नाच गाते रहें। एक दुसरे को रंग गुलाल लगाते, बड़ों बुजुर्गो से आर्शिवाद लेते व हम उम्रों से गले लगते नजर आये। दोपहर 12 बजे के बाद त्योहारों की रौनक ढ़लने लगा।



होली खेलते बच्चे व युवा।

### बच्चों ने जमकर चलाये पिचकारी

होली खेलने का उत्साह बच्चों में देखते ही बना। बाल्टियों व टप की पानी में रंग घोल कर बच्चें अपने अपने घर के दरवाजे में डटें रहें। पिचाकरियों में रंग भर कर आने जाने वालों को रंगों से सराबोर करते और जोर से कहते हैप्पी होली। बच्चें आपस में एक-दुसरें पर भी पिचारियां चलाते नजर आए। कई मोहल्ले में बच्चें टोलिया बना कर होली खेलते नजर आये।

### चाक- चौबंद रही सुरक्षा व्यवस्था

पुलिस द्वारा होली का त्यौहार शांति पूर्ण संपन्न कराने चाक चैबंद व्यवस्था की गई थी। होलिका दहन की रात से पुलिस के जवान नगर में पेट्रोलिंग करते रहें। हर चौक चैराहों में पुलिस के जवान तैनात थे।

### महिलाओं ने की पूजा अर्चना

शाम के समय मोहल्ले में महिलाएं इक्ट्ठा होकर एक दुसरे को गुलाल लगाते नजर आई, वहीं महिला कीर्तन मण्डली द्वारा भोलेनाथ मंदिर में भगवान शंकर की पूजा अर्चना किया। इसके बाद कीर्तन भजन किया गया। होली रंग में डूबी महिलाएं फागुनी गीतों पर जमकर थिरकी।

## होली के रंग शिकसा के संग का हुआ आयोजन

**जांजगीर-चांपा।** शिक्षक कला व साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में होली पर्व को शिकसा परिवार के साथ साझा करने के लिये होली के रंग शिकसा के संग कार्यक्रम का आयोजन संयोजक डॉ.शिवनारायण देवांगन के संयोजन विजय कुमार प्रधान कार्यक्रम प्रभारी के उपस्थिति एवं टीकाराम सारथी प्राचार्य चुरतेली व सलाहकार के अध्यक्षता में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना हेमा चन्द्रवंशी व राजगीत निशा गुप्ता चौधरी ने प्रस्तुत कर किया। सर्वप्रथम संस्थापक व संयोजक ने कार्यक्रम पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिकसा एक परिवार है परिवार के लोग मिल जुलकर त्योहार मनाते है इसी कारण हर पर्व को खुशियों के साथ मनाते है जिससे हमारी परम्परा बना रहे। तदपश्चात प्रदेश महासचिव बोधीराम साहू ने संबोधित करते हुए कहा होली के रंग और अपनो का संग तो आनंद ही कुछ और है, हमारे अकादमी में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है होली जैसे खास अवसर पर हमारे सयोजक के प्रयासों से यह आयोजन और भी रंगमय हो गया है। कोषाध्यक्ष महेत्तर लाल देवांगन, संगठन मंत्री राधेश्याम कंवर व कार्यक्रम प्रभारी विजय कुमार प्रधान ने अपने उदबोधन में शिकसा के निरंतर हो रहे कार्यक्रम पर विस्तार से बताया।

# न्यौता भोज में एडिशनल सीईओ ने बच्चों को परोसा मिठाई व फल



बच्चों के साथ भोजन करते अधिकारी।

**पामगढ़।** शासकीय प्राथमिक शाला चंडीपारा में 28 मार्च गुरुवार को एडिशनल सीईओ जनपद पंचायत पामगढ़ मुकेश गोस्वामी ने अपने बेटे के जन्म दिन को यादगार बनाते हुए बच्चो के साथ न्योता भोज कराकर मनाया, जिसमें बच्चों को अपने हाथों से केला, अंगूर, संतरा एवं मिठाई का वितरण किया गया। न्योता भोजन में शासकीय प्राथमिक शाला के शिक्षकों द्वारा दाल चावल सब्जी की व्यवस्था कर न्योता भोजन कराया। सीईओ कौशिक ने बच्चों को जाति प्रमाण पत्र का वितरण कर अपनी ओर से पेंसिल भेंट किया। न्योता भोज के इस कार्यक्रम में रूपलता बुनकर, आकाश नारंग, राजू गांधी,डी आर साहू,प्रेमशंकर पटेल, सरपंच कमलेश जायसवाल, सचिव उमेंद्र राम दिनकर एवं स्कूल के सभी स्टॉफ उपस्थित थे।

### कोसमंदा में संयुक्त रूप से न्योता भोज का आयोजन

**कोसमंदा।** जनपद प्राथमिक शाला व बालक पूर्व माध्यमिक शाला कोसमन्दा में संयुक्त रूप से न्योता भोज का आयोजन किया गया। कोसमन्दा के उत्साही युवको व सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं जय मां सेवा संस्थान द्वारा जनपद प्राथमिक शाला व बालक पूर्व माध्यमिक विद्यालय में संयुक्त रूप से न्योता भोज का आयोजन गुरुवार को किया गया।



कार्यक्रम में सरपंच गजाधर कौशिक, सचिव यंत्रलाल चौहान, पंच संजोग बरेठ,पं च श्री राम खरे, पंच ओमकार कश्यप, पंच परमेश्वर कश्यप, कोटवार संतोष,जनपद प्राथमिक शाला के समस्त बच्चे,स्टाफ रसोईया समिति, बालक पूर्व माध्यमिक विद्यालय से समस्त बच्चे, स्टाफ व रसोइया समिति शामिल हुए। आयोजन कर्ताओं में हरीश राठौर, गुलशन श्रीवास,राकेश साहू,दाऊ राम राठौर, केशव कश्यप, कुलदीप नामदेव,हेमंत राठौर, सुरेश कुमार यादव आदि थे।

## शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में न्यौता भोज व विदाई समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ बम्हनीडीह

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बम्हनीडीह में 28 मार्च को समस्त स्टाफ के द्वारा कक्षा आठवीं के छात्रों का विदाई समारोह सह न्योता भोजन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में के एस उरेती मुख्य कार्यपालन अधिकारी बम्हनीडीह, बजरंग श्रीवास प्राचार्य, आत्मानंद स्कूल बम्हनीडीह, श्रीमती रत्ना थवाईत एबीईओ बम्हनीडीह, दुष्यंत सिंह राज ( शौक्षिक समन्वयक ) बम्हनीडीह थाना स्टॉफ, बीईओ आफिस स्टाफ, बीआरसी स्टाफ बम्हनीडीह पूर्व माध्यमिक शाला स्टॉफ, प्राथमिक शाला बम्हनीडीह स्टाफ, खमेलाल धीवर प्रपा प्रा शाला भागोडीह सम्मिलित हुए।



न्यौता भोज में शामिल बच्चे।

# शबरी धाम को गरिमा के अनुरुप विकसित करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरौद

- फाल्गुन पूर्णिमा पूजनोपरांत हुआ संगीतमय भजन-कीर्तन

प्रत्येक पूर्णमासी को महिला कीर्तन मंडलियों द्वारा खरौद स्थित छठवीं शताब्दी में ईंटों से निर्मित रामभक्त माता शबरी के मंदिर में सामूहिक भजन कीर्तन किया जाता है। इसके तहत फाल्गुन पूर्णिमा को भी माता के पूजनोपरांत संगीतमय भजन कीर्तन किया गया।

इस बीच महामाया आध्यात्म परिषद के अध्यक्ष शिवरात्रि प्रसाद यादव ने संबोधित करते हुए कहा कि छ.ग. राम वनगमन परिपथ में खरौद के अतिरिक्त अन्यत्र कहीं भी प्राचीन शबरी का मंदिर नहीं है। यह मंदिर भारतीय पुरातत्व द्वारा संरक्षित है। उन्होंने माता को जागृत माता बताया जो नगर की रक्षा के साथ साथ सभी की मनोकामना पूर्ण करती है। कलयुग में राम नाम संकीर्तन को संसार से उद्धार का एकमात्र उपाय बताते हुए आभार व्यक्त किया। सभी महिला शक्तियों ने इतनी प्राचीन शबरी मंदिर स्वयंभू लक्षलिंग शिव एवं ऐतिहासिक धार्मिक नगर खरौद का शासन द्वारा उपेक्षा किए जाने को लेकर असंतोष व्यक्त करते हुए नगर के गरिमा के अनुरूप इसके विकास के लिए एक स्वर से मांग किया। अंत में एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में आध्यात्म परिषद के हेमलाल यादव,धनसाय यादव, रविशंकर यादव एवं शंभूलाल यादव का भी सहयोग रहा। महिला मंडली कीर्तन में गिरिजा देवांगन, अंबिका कुर्रे, उर्मिला आदित्य, पुष्पा आदित्य, पुनिबाई आदित्य,पुनाई आदित्य, नर्मदा आदित्य, मंगली बाई, छठबाई, श्यामबाई, पितर बाई आदित्य, कृष्णाबाई आदित्य,द दुलौरिन बाई, गुरबारी बाई, चंद्रिका बाई, बेदकुंवर, सुखबाई, मनटोरा, पुष्पा आदित्य भूरीबाई आदित्य, श्यामा बाई यादव, मानकी बाई, निर्मला यादव, हेमा आदित्य, कीर्तनमति आदित्य, फेकन साहू, कौशिल्या यादव, लक्ष्मी आदित्य, अनसुइया आदित्य उपस्थित थे।



उपस्थित महिलाएं।

